पत्र संख्या–26/विविध–06–45/2025 ............................../

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

## आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया अंतर्गत "Restoration of damaged streches of AE work done in 2023 in the village Jhalludas & Gyanidas Tola" से संबंधित कटाव निरोधक कार्य एकरारनामा सं0–02SBD/2025-26 दिनांक–19.04.2025 (एजेण्डा सं0–220/468/2025) के तहत संवेदक जय प्रकाश कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, प्रो0–जय प्रकाश साह, ग्राम–रघुनाथपुर भीमनगर, वीरपुर, जिला–सुपौल, बिहार पिन कोड–854348 को कार्य आवंटित किया गया।

उक्त कार्य की जांच विभागीय उड़नदस्ता से करायी गयी। जांचोपरांत अधीक्षण अभियंता, उड़नदस्ता अंचल से प्राप्त प्रतिवेदन में निम्न तथ्य प्रतिवेदित किये गये:–

(i) कार्य की भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत रहने के कारण कार्यस्थल पर अतिरिक्त श्रमबल, मशीनरी एवं स्थल पर बोल्डर की आपूर्ति में तेजी लाते हुए कार्य को दिन–रात कराकर ससमय निष्पादित कराने का सुझाव क्षेत्रीय अभियंताओं को दिया गया।

(ii) क्षेत्रीय अभियंताओं को G.I Crate (3.00mx1.50mx0.60m) में उपयोग होने वाले बोल्डर की साईज के लिए सजग रहने एवं गुण नियंत्रण प्रमंडल से Void test प्रतिवेदन प्राप्त करने का सुझाव दिया गया।

उड़नदस्ता से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण विभागीय पत्रांक–2726 दिनांक–18.06.2025 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गई।

संवेदक से निर्धारित समय सीमा में कारण पृच्छा प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने पर मामले की समीक्षा अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण, योजना एवं मोनिटिरिंग अंचल, पटना से करायी गयी, जिसमें उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया द्वारा कार्य के कुछ Boulder Crate को चिन्हित किया गया था, जिसके सुधार हेतु मौखिक रूप से संवेदक को निदेशित किया गया एवं पुनः कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नवगछिया के पत्रांक–712 दिनांक–24.06.2025 द्वारा Boulder Crate में अत्याधिक Voids एवं Workmanship में कमी अंकित करते हुए कार्य में अपेक्षित सुधार लाने हेतु संवेदक जय प्रकाश कॉन्ट्रैक्टर्स को निदेशित किया गया, इसके बावजूद भी संवेदक द्वारा अभी तक सुधारात्मक कार्रवाई नही की गयी है।

कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप ससमय पूर्ण नहीं करना संवेदक की कर्तव्यहीनता एवं कार्य के प्रति घोर लापरवाही की मंशा को परिलक्षित करता है। उक्त आरोप के लिए संवेदक जय प्रकाश कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0 को डिबार किये जाने का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया गया है।

उक्त निर्णय के आलोक में इस कार्य को पूर्ण होने तक संवेदक जय प्रकाश कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, प्रो0–जय प्रकाश साह, ग्राम–रघुनाथपुर भीमनगर, वीरपुर, जिला–सुपौल, बिहार पिन कोड–854348 (निबंधन सं0–WRD100624C1CO00016, श्रेणी–प्रथम) को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–

(शरद कुमार)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

16

ज्ञापांक : 2920 ........................................पटना/दिनांक : 27.06.2025

प्रतिलिपि :– जय प्रकाश कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, प्रो0–जय प्रकाश साह, ग्राम–रघुनाथपुर भीमनगर, वीरपुर, जिला–सुपौल, बिहार पिन कोड–854348 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक : 2920 ........................................./पटना, दिनांक : 27.06.2025

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग/कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/6/2025

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।